# एएसपी ने लिया इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा का जायजा

**संदेश वाहक न्यूज**

**श्रावस्ती।** जनपद में सुरक्षा और सतर्कता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस ने इंडो-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह ने थाना सिरसिया क्षेत्र में इंडो-नेपाल बॉर्डर का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने तुरुस्मा चेक पोस्ट पर एसएसबी जवानों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान सीमा से आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने सीमा स्तम्भ संख्या 638 का भी निरीक्षण कर मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों को बॉर्डर क्षेत्र में लगातार सतर्क रहने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी भी ली। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जनपद में सुरक्षा एवं सतर्कता को लेकर थाना क्षेत्रों के साथ-साथ इंडो-नेपाल बॉर्डर पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

## एएसपी ने देर रात नवीन मॉडर्न थाने का किया औचक निरीक्षण



**श्रावस्ती।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने रविवार देर रात थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना कार्यालय में रखे रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय और बंदीगृह का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्यों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा जरूरी निर्देश दिए।अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।